आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों के महासंगम छठी 'उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस दो हजार छब्बीस' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि यह तीन दिवसीय कृषि विज्ञान कांग्रेस विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश और समाज भी खुशहाल रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कृषि और खेती को अपने एजेंडे का हिस्सा बनाया है और अन्नदाता किसान उसके साथ जुड़ा है।

गत नौवर्ष में हमने कृषि विकास की दर को उत्तर प्रदेश के अंदर आठ फीसदी से बढ़ाकर अट्ठारह फीसदी तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है और जिस क्षेत्र में सबसे अधिक पोटेंशियल यूपी के अंदर मौजूद है। वह फील्ड मैं मानता हूं कि कृषि और कृषि जुड़ा हुआ क्षेत्र है।

श्री योगी ने कम लागत व कम संसाधन से अधिक उत्पादन पर काम करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने लैब टू लैंड नही बल्कि खेत को ही प्रयोगशाला बनाने की जरूरत पर बल दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषि एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते वाले वैज्ञानिकों, अध्यापकों, शोधार्थियों, संस्थानों एवं एग्री स्टार्ट–अप्स को सम्मानित किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में असमय वर्षा, ओलावृष्टि और कुछ स्थानों पर आग की दुर्घटनाओं से फसलों को हुए नुकसान के संबंध में आज लखनऊ में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने हर प्रभावित किसान और बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध आकलन कर तत्काल सहायता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अग्नि दुर्घटनाओं में जनहानि एवं पशुहानि से प्रभावित व्यक्तियों को चौबीस घंटे में राहत राशि प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

****

प्रदेश सरकार ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सरकार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन की जमाखोरी न करें। वर्तमान में, राज्य में 92 हजार किलोलीटर पेट्रोल और एक लाख बाईस हजार किलोलिटर डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस बीच, केन्द्र सरकार ने भी दोहराया कि देश भर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है।

पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी की सप्लाई सामान्य है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स पर कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है इसी तरह सारे पेट्रोल पंप भी नॉर्मल ऑपरेट कर रहे हैं। एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी नॉर्मल है। ऑनलाइन बुकिंग लगभग 96 प्रतिशत है और डीएसी और ओटीपी बेस्ड डिलीवरी लगभग 90 प्रतिशत तक है।

****

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गोरखपुर में आज से एचपीवी टीकाकरण शुरू हो गया। एचपीवी का टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में एम्स गोरखपुर में केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा, एम्स गोरखपुर से डॉ शिखा सेठ और डॉ आनंद मोहन दीक्षित सहित कई विशेषज्ञों ने टीके का महत्व समझाया।

इससे पहले, एम्स गोरखपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की तरफ से मिशन शक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में गोरखपुर के सीएमओ डॉ राजेश झा ने नारी स्वास्थ्य को लेकर एम्स गोरखपुर की भूमिका के महत्व के बारे में चर्चा की।

एम्स हमारे जिले का ही नहीं, हमारे पूरे प्रदेश में एक सबसे अच्छे बड़े इंस्टिट्यूट के होने के कारण महिलाओं के लिये बहुत सारे कार्यक्रम यहां लगातार चलते रहते हैं, चाहे वो महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी सामान्य जांचे वगैरह हो या गर्भवती महिलाओं के देखभाल की बात हो, उनके ऑपरेशन, उनके डिलेवरी, उनके सारी चीजों की बात हो।

****

पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बीती रात नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह चौरानवे वर्ष की थीं। बाराबंकी जिले की बड़ा गांव की रहने वाली मोहसिना किदवई केन्द्र सरकार के साथ साथ प्रदेश सरकार में भी मंत्री रहीं। उनके निधन पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित देश के कई अन्य नेताओं ने गहरा दुख प्रकट किया है।

****

मौसम विभाग ने कल से बेमौसम बारिश की स्थिति में सुधार के संकेत दिये हैं, हालांकि पूर्वी जिलों में कल भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी हुयी है। विभाग के मुताबिक दस अप्रैल से मौसम पूरी तरह से शुष्क रहेगा। आज गोरखपुर, महराजगंज और इसके आसपास के कई जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं और दिन में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वहीं, प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में कल से हो रही बारिश के कारण जनजीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

****